# चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

**107,चन्दर नगर, देहरादून—248001**

Tel:0135-2723028 E-mail-medicaleducation11@gmail.com


पत्रांकः— 2837/चि0शि0/03(मेडिकल)/70 नर्सिंग अधि0/2025 दिनांकः— 16, अप्रैल, 2025

**—कार्यालय आदेश—**

**समस्त प्राचार्य,**
**राजकीय मेडिकल कॉलेज**

उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा की गयी चयन संस्तुति के कम में चिकित्सा शिक्षा निदेशालय द्वारा नियुक्ति हेतु आवंटित संस्थान दिनांक 03 अप्रैल 2025 अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी थी जिसके कम में नियुक्ति पत्र संस्थान के प्राचार्य स्तर से प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के कम में निदेशालय में समयावधि बढाये जाने हेतु अनेक पत्राचार अभ्यर्थियों द्वारा प्रेषित किये जा रहे है जिस हेतु समस्त अभ्यर्थी जिनको अतिरिक्त समयावधि की आवश्यकता है को अतिरिक्त समयावधि दिंनाक 25.04.2025 तक इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि उक्त विस्तारित अवधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जायेगा तथा नियुक्ति पत्र में वर्णित शर्तो के अनुसार अभ्यर्थन बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त माना जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों को पूर्व में योगदान हेतु समयावधि प्रदान की गयी है वह यथावत् रहेगी।

अतः कार्यालय आदेश समस्त प्राचार्य अपने संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 रविन्द्र सिंह बिष्ट)
अपर निदेशक